हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–134 : जौनपुर, मंगलवार 24 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी दिवस : दंगों के प्रदेश से एक्सपोर्ट हब के रूप में उभर रहा उत्तर प्रदेश –सीएम

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में आज से तीन दिवसीय उत्सव का प्रारंभ हो गया है। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राज्य के अलग–अलग क्षेत्रों के गणमान्य लोग मौजूद हैं। उत्सव में शिल्प मेला, प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में मशहूर गायक कैलाश खैर, निरहुआ और भक्ति गायक कन्हैया मित्तल के गीत भी गूंजेंगे। इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस मनाने की शुरुआत 2017 में प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद से हुई। इस आयोजन से यूपी की सही तस्वीर उभरकर सामने आ रही है। पिछले पांच वर्षों की विकास यात्रा में यूपी की पहचान बदली है। 2017 के पहले प्रदेश दंगों के प्रदेश के रूप में जाना जाता था। अब प्रदेश की पहचान एक्सपोर्ट प्रदेश के रूप में हो रही है। मंगलवार सुबह राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान एवं खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मंगलवार दोपहर एक बजे से रात आठ बजे तक उत्तर प्रदेश की विभिन्न बोलियों पर आधारित कवि सम्मेलन का




आयोजन किया जाएगा। साथ ही भक्ति संगीत का आयोजन होगा, जिसमें कन्हैया मित्तल शामिल होंगे। दूसरे दिन, बुधवार को दूसरे राज्यों के कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, मोटा अनाज पर गोष्ठी, एसएसएमई, नई पर्यटन नीति, एग्रो एवं रूरल ईको टूरिज्म पर सेमिनार होगा। भोजपुरी सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की जाएगी, जिसमें मशहूर लोक गायक दिनेश लाल निरहुआ शामिल होंगे। तीसरे दिन बृहस्पतिवार शाम सात से 8.30 बजे तक प्रमाण पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समापन अवसर पर प्रख्यात गायक कैलाश खेर सूफी गायन पेश करेंगे।

## धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कंपोजिट विद्यालय आदमपुर, बरसठी, जौनपर व सरजू प्रसाद शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी द्वारा विविधा कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक सुबाष सरोज ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन लड़कियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है ताकि लड़कियां समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बराबर की सहभागिता कर सकें। किसी भी तरह की लैंगिक असमानता व भेदभाव न हो सके।समाज के विकास में बालिकाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है जो परिवार समाज और देश को स्वस्थ रखने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि हमारा समाज बालिकाओं को लेकर पूर्णरूपेण सचेष्ट और जागरूक रहें यही उद्देश्य है इस कार्यक्रम का। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, बालिका शिक्षा, बालिका लिंगानुपात, बाल विवाह और उसके कानूनी अधिकार, बालिकाओं की देखभाल चिकित्सा और सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए, पीसीपीएनडीटी एक्ट पूर्व गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 के तहत परीक्षण कराना गैरकानूनी है पर विस्तार से विचार रखा। विविध प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार पाने वाली छात्रा रिया यादव




व साक्षी यादव को मुख्य मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विनोद यादव ने कहा कि आज भारत की राष्ट्रपति द्रोपदि मुर्मू है जो हमें गौरवान्वित करता है। प्रधानध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति ने कहा कि बालिका के बगैर स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। बालिका का विकास देश और राष्ट्र का विकास है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से संदीप सिंह ,मनोज राय, राम सजीवन यादव, त्रिभुवन राम, संजय यादव, कंचन ,नीलम ,शालिनी इत्यादि ने अपने विचार रखे। पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मास्टर ट्रेनर बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान संजय उपाध्याय ने बताया कि बालिका जागरूकता अभियान संस्था द्वारा शतत् चलाया जाएगा।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Deshkiupasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** को सही एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## तिरंगा यात्रा निकाली गई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर तिरंगा यात्रा स्कूटर इंडिया चौराहा छठ पूजा



स्थल से भारत माता के चित्र पर तिलक आरती करने के उपरांत निकाली गई जो कि परिवर्तन चौक पर समाप्त हुई।

## विभिन्न विद्यालयो से आये बच्चों द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सड़क सुरक्षा को शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा माह– 2023 के दृष्टिगत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर कुलदीप कुमार गुप्ता के निर्देशन में सम्भागिय परिवहन से श्रीमती स्मिता बर्मा (पी0टी0ओ0प्रवर्तन), प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला व समस्त उप निरीक्षक यातायात की उपस्थिति में कौशल विकाश योजना के सौजन्य से कलेक्ट्री परिषर में विभिन्न विद्यालयो से आये बच्चों के द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का अवलोकन करते जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आमजनमानस से सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से सतर्कता बरतने की बात कही,उन्होंने कौशल विकास छात्राओं द्वारा बनाये रंगोली व पोस्टर की सराहना किया गया। और यातायात नियमों की जानकारी,जागरुकता, उपयोगिता, और आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही साथ रोडवेड जौनपुर पहुचकर निगम के सभी बस स्टेशनों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा चालकों/ परिचालकों एवं यात्रियों को ऑडियो/वीडियो सामग्री द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुक किया गया, और वहाँ मौजूद लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक भी किया गया तथा यातायात नियमों के पालन में प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही किया गया।

## खेल शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूपों से स्वस्थ रखता है– प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन हुआ आयोजन श्री महंत राम आसरे दास पीजी कॉलेज भुखूरा गाजीपुर में हुआ वुशू महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में महाविद्यालयों पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महाविद्यालय की 11 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज का दबदबा रहा मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज नौ स्वर्ण पदक ,दो कांस्य पदक,एक रजत पदक प्राप्त किए जिस में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ इस प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सिकन्दर यादव ने 48 किलो भार ने उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किए एवं पुरुष वर्ग में शान्डा प्रतियोगिता में अवनीश कुमार,मनोज,अरविंद,सुशील ने प्रतिभाग कर के पदक हासिल किए एवं महिला वर्ग में शान्डा प्रतियोगिता में कौशल्या,किरन,अर्पिता यादव,अंजली ने पदक प्राप्त किए एवं पाऊलू तावडू में मीका सिंह और खुशबू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए खुशी जाहिर करते हुए प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा कि शिक्षा के साथ–साथ खेल भी आवश्यक है खेल हमेशा हमें शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूपों



से स्वस्थ रखता है और हमें एक जीवन में एक नए आयाम की तरफ ले जाने में अग्रसर होता है खिलाड़ियों खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन के साथ उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना करता हूं जिले के साथ–साथ कॉलेज का भी नाम रौशन किया है कालेज खेल कोच मोहम्मद शफीक उर्फ किरमानी ने यह सूचना अवगत कराएं इस सूचना के प्राप्त होते ही महाविद्यालय में खुशी देखी गई।

## भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री बने शैलेंद्र यादव

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : शिक्षक नेता शैलेंद्र यादव को भारतीय किसान संगठन का राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया। भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने लखनऊ कार्यालय में एक बैठक कर पदाधिकारियों से विचार विमर्श करते हुए सबकी सहमति से मनोनयन किया। शैलेंद्र यादव विकासखंड महाराजगंज



के ग्राम रमदेईया पोस्ट कोल्हुआ के निवासी हैं और शिक्षा सेवा में भी जुडे है। इस मनोनयन पर शैलेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसकी पूरी तन्मयता कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा और किसानों व मजदूरों समस्याओं का निदान करते हुए उनके हक की लड़ाई ईमानदारी और निष्ठा से लड़ी जाएगी। शैलेंद्र यादव के मनोनयन पर किसान नेताओ ने उनसे मिल कर बधाई दिया।

## 26 जनवरी 2023 पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जारी किया गया विशेष दिशा निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के निर्देश पर 26 जनवरी 2023 पर्व के अवसर के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था लेकर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए है । पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक निर्देशन में जनपदीप पुलिस 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर है तथा इस अवसर पर शांति व कानून एवं व्यवस्था कायम रखने के लिए व्यापक तौर पर समुचित सुरक्षा प्रबंध किया गया है। जनपद को जोन व सेक्टर में बांटा गया है। जोन में क्षेत्राधिकारी प्रभारी व सेक्टर में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष प्रभारी रहेंगे। क्षेत्र में पडने वाले सभी होटल, लॉज, धर्मशाला सहित अन्य धार्मिक स्थानों आदि की जांच करते हुए वहां पर ठहरे हुए लोगों की जानकारी प्राप्त की जायेगी। इस दौरान पुलिस द्वारा होटल व धर्मशाला प्रबंधकों को उचित दिशा–निर्देश दिए गए है। जनपदीय पुलिस द्वारा व्हीकलों की सघनता से जांच की जा रही है। तथा बस स्टैण्ड के अलावा भीड भाड वाले स्थानों पर चेकिंग की जा रही है। अभिसूचना ईकाई जौनपुर की पुलिस फोर्स अलग–अलग टीमे गठित कर सुरक्षा व्यवस्था पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है।

## राष्ट्रपति भवन के संग्रहालय प्रभारी ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर की जानी हकीकत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के संग्रहालय प्रभारी उत्कर्ष श्रीवास्तव द्वारा प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के पठन पाठन को जानने के लिए प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर का भ्रमण किया गया, उनके साथ बीइओ सिकरारा आनंद प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे। संग्रहालय प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने सभी कक्षाओ में जाकर बच्चों के अधिगम स्तर की जानकारी ली। बच्चों द्वारा अपने विषय के साथ साथ पहाड़ा गिनती जिलों के नाम राज्य राजधानियों के नाम बेबाकी से बताये जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्होंने कहा कि मैंने कभी ये सोचा भी नही था कि प्राथमिक विद्यालयों में इस तरह की व्यवस्था और गुणात्मक शिक्षा पर किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि यहाँ डिस्कवरी लैब और बच्चों को इसके माध्यम से दी जा रही जानकारी वास्तव में एक अनूठा प्रयास है, मैं वहाँ पर इसकी जानकारी देकर सीधे केंद्र सरकार की शिक्षा समिति की सीधी विजिट कराकर जौनपुर की बेसिक शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का प्रयास करूंगा। इसके बाद उन्होंने विद्यालय में स्थापित डिस्कवरी लैब के बारे में बच्चों से जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने कंकाल तंत्र,



सूक्ष्मदर्शी, टेलीस्कोप, कंप्यूटर, दिन रात होना ग्लोब में विभिन्न देशों की स्थिति ज्वालामुखी, सौर मंडल व अन्य उपकरणों के बारे में बच्चों द्वारा बहुत अच्छे तरीके से बताया गया। श्री श्रीवास्तव ने प्रधानाध्यापक अमित सिंह व विद्यालय के शिक्षकों की जमकर तारीफ की। इस अवसर पर बीइओ आनंद सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह व एनपीआरसी सुनील सिंह विजय बहादुर सिंह विद्यालय के शिक्षक दिनेश यादव श्यामधर यादव मंजू जैसवार नेहा जायसवाल आराधना उपाध्याय गजाला बानो मनोज जायसवाल माधुरी सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## बगैर गांव वाले की सूचना दिए ही आला अधिकारी ने कर दिया तालाब का पट्टा

शाहगंज जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : गांव में बिना सूचना के ही तालाब का नीलामी हुई और रसीद काट दी गई जो तालाब का पट्टा करने वाले अधिकारियों ने गाँव में बिना डुबकी बजाएं अर्थात बिना गांव वालों को सूचना दिए तालाब के पट्टा कर दिया। उस पट्टे को निरस्त करने की मांग प्रधान ने उच्च अधिकारियों से किया । विकासखंड शाहगंज शाहगंज क्षेत्र के मेहरावां गांव का मामला सामने आया। जिसमें ग्राम प्रधान रानी सिंह पत्नी अनिल कुमार सिंह ने आपत्ति जाहिर कर उन्होंने बताया कि हमारे ग्राम सभा में एक तालाब है जिसका नंबर 343/0.777हे. है। उक्त तालाब की नीलामी हेतु विज्ञप्ति निकाली गई थी जो दिनांक 06/10/2022 को नीलामी होनी थी। उस दिन कुल 4 प्रार्थना पत्र तहसीलदार साहब के यहां नीलामी के लिए प्रस्तुत हुआ। और उसके साथ मेरे व समस्त ग्राम वासियों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया और इसके पहले भी अनेकों आपत्तियां पढ़ें इतालाब की नीलामी न किया जाए सभी प्रार्थना पत्र को कार्बन कॉपी सुरक्षित है नीलामी के दिन तहसीलदार साहब द्वारा बताया गया मेरा गांव के तालाब की नीलामी निरस्त कर दी गई अब आपत्ति का निस्तारण करने के बाद पुणे नीलामी की तिथि घोषित की जाएगी परंतु बिना दोगी मुनादी कराए प्रधान को सूचना दिए दूसरे के पक्ष में नीलामी कर दी गई जबकि उस दिन रात्रि 10:00 बजे तक मैं तहसील में बैठी थी ग्राम प्रधान ने उप जिला अधिकारी के यहां ज्ञापन देते हुए कहा कि श्रीमान जी इस प्रकरण को स्वत संज्ञान में लेते हुए बिना नीलामी हुए रसीद काट दी गई है जांच कराए फर्जी पट्टा निरस्त करने की कृपा करें। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए उप जिला अधिकारी शाहगंज ने जांच करने का आश्वासन दिया।

## जल्द शुरु होगी काशी से महाकाल के नगरी की फ्लाइट सेवा : कंपनियां कर रही सर्वे

वाराणसी ब्यूरो : काशी से इंदौर की उड़ान सेवा को लेकर कवायद तेज हो गई है। इसे लेकर कई कंपनियां सर्वे भी कर रही हैं। वहीं एयरपोर्ट निदेशक अर्यमा सान्याल ने इंडिगो एयरलाइंस से उड़ान सेवा शुरू करने का अनुरोध किया है। इससे पहले भी उड़ान सेवा को लेकर उद्यमियों ने अपील की थी, लेकिन सेवा शुरू नहीं हो सकी थी। इस बार उम्मीद जताई जा रही है कि शेड्यूल में इंदौर की उड़ान सेवा भी शामिल होगी। इंदौर के लिए विमान संचालन शुरू होने से जहां महादेव की नगरी से महाकाल की नगरी का जुड़ाव मजबूत होगा, वहीं व्यापार भी बढ़ेगा। बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आने वाले लोग महाकाल का भी दर्शन करना चाहते हैं लेकिन यहां से सीधी उड़ान सेवा न होने से कई बार पर्यटकों को परेशानी होती है। इंदौर से डायरेक्ट विमान सेवा शुरू होने से कई फायदे होंगे। इससे जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा वहीं व्यापार के लिए भी एक अच्छा अवसर मिलेगा। इंदौर समृद्ध शहरों में से एक हैं। वहां से जुड़ाव होने पर काशी का व्यापार और समृद्ध होगा। – आरके चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आईआईए। काशी महादेव के दर्शन को आने वाले पर्यटक महाकाल के दर्शन के लिए भी जाना चाहते हैं। काशी से उज्जैन के लिए सीधे विमान सेवा न होने से पर्यटकों को काफी



परेशानी होती है। सीधी विमान सेवा शुरू होने से पर्यटकों के साथ ही काशी के उद्यमियों और व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। – प्रदीप राय, टूर एंड ट्रेवल एजेंट। इंदौर की उड़ान सेवा शुरू करने को लेकर इंडिगो एयरलाइंस से अपील की है। उम्मीद है कंपनी इस समर शेड्यूल से उड़ान सेवा शुरू करेगी। – अर्यमा सान्याल, एयरपोर्ट निदेशक।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

शांति की शुरुआत मुस्कुराहट के साथ होती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अनसुलझा है विपक्षी एकता का सवाल

वर्ष 2024 में क्या 2014 और 2019 की पुनरावृत्ति होगी, जिसमें नरेंद्र मोदी को स्पष्ट जीत मिली थी या यह 1989, 1996, 2004 के जनादेश जैसा होगा, जिसके कारण केंद्र में खिचड़ी या अल्पकालिक सरकारें बनी थीं? 18वें लोकसभा चुनाव से लगभग 16 महीने पहले अटकलें लगाई जाने लगी हैं, क्योंकि राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई विशाल 'भारत जोड़ो यात्रा' इस महीने के अंत में श्रीनगर में समाप्त होने वाली है।

यात्रा के उद्देश्य को तो पसंद किया गया, लेकिन इसका असर कम रहा है। यह मानते हुए, कि इसने राहुल गांधी की छवि और विश्वसनीयता बढ़ाई है, क्या कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सुर्खियां बटोरने में जल्दी नहीं कर दी? इसके अलावा विपक्षी एकता का सबसे महत्वपूर्ण सवाल भी अभी अनुत्तरित एवं अनसुलझा है। भारत जोड़ो यात्रा से विपक्ष के कई नेता अलग रहे हैं। हैरानी नहीं है कि प्रशांत किशोर ने हाल ही में टिप्पणी की कि नीतीश कुमार की राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से अनुपस्थिति ने विपक्षी एकता के 'तमाशे'

को उजागर कर दिया है। जबकि नीतीश कुमार की सरकार को कांग्रेस का समर्थन मिला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके राजनीतिक विरोधियों के लिए वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल की तरह है। असम, केरल, उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात, हिमाचल से लेकर दिल्ली, हैदराबाद और मध्य प्रदेश के नगर निगमों तक 2022 में हुए चुनावों ने 'भाजपा को लाभ' के संकेत दिए। हालांकि इन जनादेशों ने यह भी संकेत दिया कि विपक्ष भले कमजोर हो सकता है, लेकिन मैदान से पूरी तरह बाहर नहीं होगा। जैसे गुजरात चुनाव से विपक्ष को बहुत कुछ सीखना था, उसी तरह हिमाचल के चुनावी नतीजे मोदी के लिए महत्वपूर्ण सबक हैं। हिमाचल की करीब 96 फीसदी आबादी हिंदू है, जिनमें से 60 फीसदी से ज्यादा ऊंची जातियां हैं, पर मोदी का जादू यहां नहीं चला। इसके विपरीत, गुजरात में विपक्ष को मिले वोटों के बीच विभाजन विपक्षी नेताओं के बीच मौन समझदारी की जरूरत को रेखांकित करता है। लेकिन विपक्षी नेताओं के बीच तुनुकमिजाजी और एक–दूसरे पर हावी होने की प्रवृत्ति को देखते हुए कोई भी गठबंधन या आपसी समझदारी दिवास्वप्न की तरह लगता है।

इस वर्ष नौ राज्यों में होने वाले चुनाव मोदी के साथ–साथ कांग्रेस के लिए भी परीक्षा हैं। कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होगा।

कर्नाटक एवं राजस्थान में सरकार परिवर्तन के जमीनी संकेत मिल रहे हैं। क्या कांग्रेस मध्य प्रदेश को भाजपा के चंगुल से निकाल सकती है या मोदी की आदिवासियों और पिछड़े वर्गों तक पहुंच छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल शासन की हार सुनिश्चित कर सकती है? विपक्ष के लिए राजनीतिक अंकगणित अपेक्षाकृत सरल है। यदि भाजपा के विजय रथ को हिंदी प्रदेशों (मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़, कुल 65 लोकसभा सीट) में रोक लिया गया और कर्नाटक (28 लोकसभा सीट) में परास्त कर दिया गया, तो 2024 की राह मोदी के लिए जटिल हो जाएगी। हालांकि 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनाव के बीच कोई सटीक संबंध नहीं हो सकता है, लेकिन विपक्ष चाहता है कि लोकसभा में बहुमत के लिए जादुई आंकड़ा यानी 273 सीटों में से आधी सीटें कांग्रेस एवं क्षेत्रीय दलों के बीच बंट जाए।

प. बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक–चार ऐसे महत्वपूर्ण राज्य हैं, जहां भाजपा ने 2019 में बेहतर प्रदर्शन किया था, लेकिन बाद के राजनीतिक घटनाक्रमों ने नया परिदृश्य सामने ला दिया है। प. बंगाल में भाजपा ने 18 लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि बिहार में जद(यू) के साथ गठबंधन में दोनों पार्टियों ने 40 में से 39 सीटों पर कब्जा किया था। कर्नाटक में भाजपा ने 28 में से 24 सीटें जीती थीं, जबकि महाराष्ट्र में अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में 48 में से 42 सीटें जीती थीं। सोचिए, अगर इन राज्यों में भाजपा की ताकत घटकर आधी रह जाए, तो क्या होगा? 272 सीटों का साधारण बहुमत दूर का सपना होगा और खिचड़ी सरकार की संभावना वास्तविकता बन जाएगी।

कांग्रेस हालांकि नेतृत्व के मुद्दे को सुलझा लेने के बावजूद अपनी आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए जूझ रही है। वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष खरगे सीधे तौर पर पार्टी की कमान नहीं संभाल

रहे। वह शायद मई, 2023 में होने वाले कर्नाटक (जो उनका गृह राज्य है) विधानसभा चुनावों के बाद और अधिक आत्मविश्वास हासिल करेंगे और फरवरी, 2023 के बाद रायपुर सम्मेलन में नई कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव या चयन किया जाएगा। राहुल 'हाथ से हाथ जोड़ो' नामक एक दूसरा अभियान शुरू कर सकते हैं।

पदयात्रा में राहुल के व्यस्त होने की संभावना है, जबकि खरगे की भूमिका लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी नेताओं से बात करने में होगी। क्या खरगे में वह क्षमता है? संभवतः हां, क्योंकि पर्दे के पीछे से उन्हें सोनिया गांधी का भरोसा हासिल है। सोनिया पहले ही उन्हें राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में बने रहने के लिए कह चुकी हैं।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव 2024 में भाजपा को हराने के लिए अन्य विपक्षी दलों के साथ एक बड़ा मोर्चा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन 2023 में उनके अपने गढ़ तेलंगाना

में होने वाले विधानसभा चुनाव उनके लिए परीक्षा होंगे कि भविष्य में वह विपक्ष के देवीलाल, वीपी सिंह या हरकिशन सिंह सुरजीत बन सकते हैं या नहीं। राजस्थान कांग्रेस के लिए दर्द बना हुआ है, जहां खरगे की परीक्षा होगी। वहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच प्रतिद्वंद्विता अकेला सबसे बड़ा मुद्दा है। गहलोत को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जाता है, जो 25 सितंबर, 2022 को राजस्थान में पार्टी विधायकों की बैठक बुलाने से इनकार करने के बाद गांधी परिवार से अलग हो गए थे। गुजरात में केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में उनकी भागीदारी कम रही, जिसके कारण राज्य में भाजपा ने सर्वकालिक बड़ी जीत हासिल की।

कुछ मायनों में राहुल की भारत जोड़ो यात्रा सफल रही, क्योंकि सार्वजनिक मंचों पर अशोक गहलोत या सचिन पायलट की एक–दूसरे पर की गई टिप्पणी हर बार फीकी पड़ गई। आम धारणा यह है कि अगर राहुल एवं खरगे गहलोत–पायलट को एक नहीं कर सकते, तो वे देश कैसे चलाएंगे!

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 23 जनवरी 2023 को सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लखनऊ ने अपने रजत जयंती समारोह के विस्तार के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक भारतीय राष्ट्रवादी, जिनकी ब्रिटिश अथॉरिटी ऑफ इंडिया की अवज्ञा ने उन्हें कई – भारतीयों के बीच में एक नायक बना दिया। उनका जीवन हमारे राष्ट्र के सभी युवाओं को प्रेरित करता है। 23 जनवरी को उनकी जयंती पर पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि कौशल किशोर राज्य मंत्री (आवास और शहरी मामलों) और नेताजी सुभाष सेवा संस्थान के मुख्य संरक्षक द्वारा कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में नेताजी के वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया।इस कार्यक्रम के प्रतिष्ठित अतिथि अमरेश कुमार , राज्य विधानसभा, मुकेश शर्मा, सदस्य विधान परिषद, ऋषिकेश पांडे जी, डीआईजी, वाराणसी, पद्मश्री डॉ. शिव नारायण कुरील, प्रोफेसर और प्रमुख, बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग, केजीएमयू, लखनऊ। श्रीमती मधु माथुर, अध्यक्ष, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डॉ. रजत माथुर, अध्यक्ष, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और श्रीमती स्मिता माथुर, निदेशक सरस्वती हॉस्पिटल



एंड रिसर्च सेंटर के साथ–साथ प्राचार्य डॉ. के. एन. दुबे, वाइस प्रिंसिपल, डॉ. प्रद्युम्न मिश्रा, डीन पी.जी. अध्ययन, डॉ. अरविंद त्रिपाठी, डीन यू.जी. अध्ययन, डॉ. सौम्या नवित तथा बीरेन्द्र शंकर माथुर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या लेफ्टिनेंट कर्नल संध्या, आईसीएसडब्ल्यूएंडईसीए कमेटी की चेयरपर्सन डा. अल्का यदू भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में नेताजी सुभाष सेवा संस्थान के प्रतिनिधि, ओम प्रकाश , सचिव, संदीप सिंह , उप सचिव, राकेश , संस्थान संरक्षक, फतेह बहादुर सिंह , उपाध्यक्ष और शिव कुमार सिंह निदेशक शामिल . थे तथा लोक बंधु राज नारायण इंटर कॉलेज, घनश्याम मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह , निदेशक, जेडेक पैरेंट्रल प्राईवेट लिमिटेड, और डॉ. अतुल वर्मा, अधीक्षक, सीएचसी, चिनहट तथा कार्यक्रम में कॉलेज स्नातक के छात्र–छात्राएं व इंटर्स भी मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन शपथ समारोह और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## तीन तलाक तो कभी गौरी–गणेश पर मौर्य का विवादित बयान : अब रामचरितमानस पर की अपमानजनक टिप्पणी

लखनऊ ब्यूरो : सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस को बकवास बताते हुए कुछ चौपाइयां हटवाने की मांग कर सियासी माहौल को गरमा दिया है। मामले में शीर्ष नेतृत्व ने चुप्पी साध रखी है तो सपा विधायक उनके बयान को निजी बता रहे हैं। देखा जाए तो स्वामी प्रसाद मौर्य पहली बार अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में नहीं आए हैं, बल्कि इस तरह के बयान वह पहले भी देते रहे हैं। हालांकि उन्होंने साफ किया कि यह बयान उनका व्यक्तिगत है, इससे पार्टी से कोई मतलब नहीं है। इसे पार्टी से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। पहले भी स्वामी दे चुके हैं कई विवादित बयान गौरी गणेश की पूजा ना करें वर्ष 2014 में बसपा में रहते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने शादियों में गौरी गणेश की पूजा करने पर सवाल उठाया था। कर्पूरी ठाकुर भागीदारी सम्मेलन में उन्होंने कहा था कि शादियों में गौरी गणेश की पूजा नहीं करनी चाहिए। यह दलितों और पिछड़ों को गुमराह कर उनको गुलाम बनाने की साजिश है। तीन तलाक का कारण हवस भाजपा सरकार में मंत्री रहते हुए 29 अप्रैल 2017 को स्वामी प्रसाद मौर्य ने तीन तलाक को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि तीन तलाक देने वाले मुस्लिम सिर्फ अपनी हवस मिटाने के लिए बीवियां बदलते हैं। तीन तलाक के पीछे ओछी मानसिकता है। भाजपा ने किया राम का सौदा नवंबर 2022 में मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था कि भाजपा के लोग राम का भी सौदा कर लेते हैं। ये जनता को और राम को भी बेच देते हैं। उस वक्त भी सपा ने किनारा कर लिया था। सपाइयों ने जताई आपत्ति, माफी मांगने की मांग सपा एमएलसी के बयान पर सपाइयों ने भी आपत्ति जताई है। सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि यह उनका निजी



बयान है, इससे पार्टी का कोई लेना–देना नहीं है। नेताओं को जनता की समस्याओं आदि पर बोलना चाहिए। किसी धार्मिक पुस्तक पर बोलने से बचना चाहिए। स्वामी प्रसाद ने अज्ञानतावश बयान दिया है। उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय ने कहा कि जल्द ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर उनके बयान के बारे में जानकारी दी जाएगी। किसान नेता भगत राम मिश्र ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने स्वामी प्रसाद के बयान को रामचरितमानस का अपमान बताया है। कहा कि उनके इस बयान से पार्टी को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि मौर्य ने शायद रामचरितमानस नहीं पढ़ी है। पार्टी के अन्य कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर इस बयान को लेकर आपत्ति जताई है। सपा में घुसे हैं आरएसएस के एजेंटः लौटन भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी लौटन राम निषाद ने बिहार सरकार के शिक्षामंत्री प्रो. चंद्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि सपा के अंदर आरएसएस के एजेंट घुसे हुए हैं, वही लोग विरोध कर रहे हैं।

## शिव–विवाह से पूर्व होगा भोलेनाथ का तिलकोत्सव : गाए जाएंगे मंगल गीत : दूल्हा रूप में दर्शन देंगे बाबा

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में 26 जनवरी (गुरुवार) को बसंत पंचमी पर काशी विश्वनाथ का 358वां तिलकोत्सव मनाया जाएगा। तिलक का उत्सव टेढ़ीनीम स्थित विश्वनाथ मंदिर के महंत आवास पर होगा। लोकमान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिव–विवाह के पूर्व बंसत पंचमी पर भगवान शिव का तिलकोत्सव किया गया था। काशीवासी परंपरानुसार तिलक की रस्म पूरी करते हैं। गुरुवार को महंत आवास पर भोर में मंगला आरती के बाद परंपरानुसार दिनभर तिलकोत्सव के लोकाचार होगें। ब्राह्मणों द्वारा चारों वेदों की ऋचाओं के पाठ के साथ बाबा का दुग्धाभिषेक कर विशेष पुजनोपरांत फलाहार के साथ विजयायुक्त ठंडाई का भोग अर्पित किया जायेगा। इस दौरान महिलाओं द्वारा मंगल गीत होगा। सायंकाल भक्तों को बाबा विश्वनाथ (राजसी–स्वरूप) दूल्हा स्वरूप में दर्शन देगें। सायंकाल काशीवासी परंपरानुसार शहनाई की मंगल ध्वनि और डमरुओं के निनाद के बीच तिलकोत्सव की रस्म पूरी करेगें। सात थाल में तिलक की सामग्री लेकर समाजसेवी केशव जालान काशीवासीयों की ओर से



बाबा को तिलक चढायेगें। तिलकोत्सव की शोभायात्रा महंत आवास पहुंचने पर महंत डॉ. कुलपति तिवारी के सानिध्य में तिलकोत्सव की रस्म पूरी की जाएगी। महंत डॉ कुलपति तिवारी ने बताया कि बसंत पंचमी गुरूवार को सायंकाल बाबा विश्वनाथ की पंचबदन रजत प्रतिमा का तिलकोत्सव टेढीनिम महंत आवास पर होगा। बंसत पंचमी पर तिलकोत्सव के पुर्व भोर चार से साढ़े चार बजे तक बाबा विश्वनाथ की पंचबदन रजत मूर्ति की मंगला आरती के साथ आयोजन की शुरुआत होगी। छह से आठ बजे तक ग्यारह वैदिक ब्राह्मणों द्वारा चारों वेदों की ऋचाओं के पाठ के साथ बाबा का दुग्धाभिषेक करने के बाद बाबा को फलाहार का भोग अर्पित किया जायगा। दोपहर भोग आरती के बाद बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा का विशेष राजसी श्रृंगार के बाद सायंकाल पांच बजे से प्रतिमा का दर्शन श्रद्धालुओं को होगा। सात बजे लग्नानुसार बाबा का तिलकोत्सव किया जायगा। 26 जनवरी दिन गुरुवार को होने वाले तिलकोत्सव के लिए बाबा को दूल्हे के परिधान धारण कराए जाएंगे। बाबा को खादी के परिधान धारण कराए जाएंगे। डॉ कुलपति तिवारी ने कहा कि महादेव के तिलक की कथा राजा दक्षप्रजापति से जुड़ी है। शिवमहापुराण, ब्रह्मवैवर्तपुराण और स्कंदपुराण में अलग–अलग कथा संदर्भों में महादेव के तिलकोत्सव का प्रसंग वर्णित है। दक्षप्रजापति उस समय के कई मित्र राज–महाराजाओं के साथ कैलाश पर जाकर भगवान शिव का तिलक किया था। उसी आधार पर लोक में इस परंपरा का निर्वाह किया जाता है। काशी में इस वर्ष इस परंपरा के निर्वहन का 358वां वर्ष है। सायंकाल 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमें पूर्वांचल के कई जाने माने कलाकार शामिल होंगे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पढ़ रहा हैं अत भारत वर्ष का अमृत महोत्सव भी है, दोनों को एकसाथ मनाया जाएगा।

## क्षेत्र के औद्योगिक विकास में सहायक बनें सांसद व विधायक – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सांसद–विधायक अपने क्षेत्र के औद्योगिक विकास को रफ्तार देने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि लखनऊ आधुनिक नगरीय विकास का मानक बन रहा है। डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में उद्योग लगाने के लिए बड़ी कंपनियां आगे आ रही हैं। वे सोमवार को सीएम आवास पर लखनऊ मंडल के लखनऊ, हरदोई और उन्नाव के सांसदों और विधायकों की बैठक में बोल रहे थे। सीएम ने तीनों जिलों के सांसदों–विधायकों से उनके क्षेत्र के आवश्यक विकास और समस्याओं के निस्तारण पर बात की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर उन्हें गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराने में सक्रिय भूमिका निभाने और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए सांसदों को पांच करोड़ और विधायकों को तीन करोड़ रुपये के प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। कहा कि जनप्रतिनिधि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के मद्देनजर जिलों में भी निवेश सम्मेलन कर निवेशकों से निवेश कराएं। सरकार ने मातृभूमि योजना की शुरुआत की है। अब कोई भी अपने गांव और शहर के विकास में सीधी भागीदारी कर सकता है। प्रदेश के हर जिले में निवेश आ रहा है। लखनऊ, उन्नाव और हरदोई हर सेक्टर के लिए अवसर हैं। इस पूरे क्षेत्र में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, टेक्सटाइल, जैव ईंधन और सौर ऊर्जा सहित हर सेक्टर के लिए अपार अवसर हैं। ड्रेजिंग के अच्छे प्रयास मिले सीएम ने कहा कि नदियों के किनारे कटान और बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए नदियों की ड्रेजिंग के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। इसमें ड्रोन तकनीक का भी सहयोग लिया जा रहा है। नवीन तटबंधा का निर्माण, पुराने की मरम्मत भी कराई जा रही है। उन्होंने सांसद और विधायकों को इसकी निगरानी के निर्देश दिए। उन्नाव और हरदोई में ईको पर्यटन का विकास करें सीएम योगी ने उन्नाव और हरदोई में ईको पर्यटन की संभावनाओं को आकार देने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में रोजगार सृजन भी होगा। कुकरैल पिकनिक स्पॉट में नाइट सफारी सीएम ने कुकरैल पिकनिक स्पॉट के पास नाइट सफारी के विकास की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना लखनऊ में पर्यटन की संभावनाओं को विस्तार देने वाली होगी। लखनऊ आधुनिक नगरीय विकास का मानक बन रहा है। मंडलीय बैठकें पूरी मुख्यमंत्री ने सोमवार को लखनऊ मंडल के तीनों जिलों की बैठक के साथ सभी 18 मंडलों के सांसदों–विधायकों से संवाद का दौर पूरा किया। सूत्रों के मुताबिक सीएम ने लोकसभा चुनाव के मैदान में कूदने से पहले कील–कांटे दुरुस्त करने की रणनीति के तहत संवाद किया गया। संवाद में सरकार को विधायकों और सांसदों की ओर से मिले प्रस्तावों पर कार्यवाही शुरू की गई है। वहीं समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण की निगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय करेगा। विधायक और सांसदों की ओर से त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत सड़क निर्माण के प्रस्ताव दिए जा रहे हैं। उन प्रस्तावों को तुरंत मंजूर करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## बिरला फर्टिलिटी एवं आईवीएफ द्वारा लखनऊ में फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन सेवाओं को लॉन्च हेतु किया घोषणा

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊः बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ फर्टिलिटी के भविष्य में परिवर्तन लाने और फर्टिलिटी केयर में ग्लोबल लीडर बनने के उद्देश्य के साथ बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ केंद्र, लखनऊ में फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन सेवाएं प्रदान कर रहा है, ताकि दंपत्ति अपनी फर्टिलिटी को संरक्षित कर अपनी पसंद के समय गर्भधारण कर सकें। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ देश में सबसे तेजी से बढ़ता हुआ फर्टिलिटी एवं आईवीएफ ब्रांड है। महिलाओं व पुरुषों की इन्फर्टिलिटी के लिए विस्तृत फर्टिलिटी उपचारों तथा एडवांस्ड जेनेटिक्स एवं डायग्नोस्टिक्स के साथ बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ दंपत्तियों के फर्टिलिटी के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यहाँ आने वाले 95 प्रतिशत से ज्यादा दंपत्तियों को किफायती व पारदर्शी मूल्यों के साथ पूर्ण संतुष्टि मिलती है और अधिकांश दंपत्ति गर्भधारण करने में सफल होते हैं। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ सोशल एग फ्रीजिंग, स्पर्म फ्रीजिंग से लेकर कैंसर एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए मेडिकल फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन आदि संपूर्ण सेवाएं प्रदान करता है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ द्वारा प्रस्तुत आधुनिक इलाज में ओवेरियन कॉर्टेक्स टिश्यू फ्रीजिंग शामिल है, जो कैंसर से पीड़ित युवतियों को अपनी फर्टिलिटी को प्रिजर्व करने में समर्थ बनाता है। फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन की प्रक्रिया में अंडों, स्पर्म, एम्ब्रायो, और ओवेरियन या टेस्टिकुलर टिश्यू को भविष्य में उपयोग के लिए क्रायोप्रिजर्व किया जाता है (माईनस 196डिग्री सेल्सियस के अत्यधिक कम तापमान पर लिक्विड नाईट्रोजन में स्टोर किया जाता है)। दंपत्ति या अविवाहित लोग, दोनों ही अपनी फर्टिलिटी को प्रिजर्व कराने का विकल्प चुन सकते हैं, जिससे उन्हें बाद में जब भी महसूस हो, तब परिवार शुरू करने की स्वतंत्रता मिलती है। इसके अलावा कैंसर या अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को इलाज शुरू होने से पहले अपनी फर्टिलिटी को प्रिजर्व करा लेना चाहिए, ताकि इलाज पूरा होने व स्वस्थ होने के बाद वो फिर से परिवार शुरू करने में समर्थ हो सकें। जब कैंसर या अन्य बीमारी का इलाज पूरा हो जाए, और महिला या पुरुष या दंपत्ति परिवार शुरू करने के लिए तैयार हो जाएं, तो फ्रीज किए गए अंडेध स्पर्मध्एम्ब्रायो को निकालकर आईवीएफ प्रक्रिया द्वारा गर्भधारण किया जा सकता है। ओवेरियन कॉर्टेक्स टिश्यू फ्रीजिंग में ओवेरियन कॉर्टेक्स – ओवरी में अंडे का उत्पादन करने वाला हिस्सा– कैंसर का इलाज शुरू करने से पहले निकाल दिया जाता है। इस टिश्यू को सालों के बाद फिर से शरीर में स्थापित किया जा सकता है, और मरीज पुनः प्राकृतिक रूप से या फिर आईवीएफ द्वारा गर्भधारण करने में समर्थ बन सकती है। इन नई सेवाओं के लॉन्च के बारे में डॉ. प्रो. (कर्नल) पंकज तलवार, डायरेक्टर, मेडिकल सर्विसेज, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने कहा, ''कुछ दंपत्ति गर्भधारण को भविष्य के लिए टाल देते हैं ताकि वो परिवार शुरू करने से पहले अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करके वित्तीय स्वतंत्रता हासिल कर सकें। फर्टिलिटी




प्रिजर्वेशन ने दंपत्तियों को उस समय संतान प्राप्ति करने में समर्थ बनाया है, जब वो चाहते हैं। कैंसर के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसकी वजह से फर्टिलिटी की समस्याएं हो सकती हैं। भारत में साल 2022 में कैंसर के अनुमानित 14,61,427 मामले थे। ऐसी स्थितियों में फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन न केवल गर्भधारण को भविष्य के लिए टालने, बल्कि फर्टिलिटी के अन्य विकल्पों की गारंटी प्रदान करने के लिए एक बहुत ही प्रभावशाली साधन है। कैंसर पीड़ित महिलाओं को कीमोथेरेपी शुरू कराने से पहले अपने अडों को फ्रीज करा लेना चाहिए क्योंकि यह इलाज अंडों को नष्ट कर सकता है। इसी प्रकार कैंसर से पीड़ित पुरुषों को कीमोथेरेपी या रेडियेशन द्वारा इलाज शुरू करने से पहले अपने स्पर्म को सुरक्षित करने के लिए उन्हें फ्रीज करा लेना चाहिए। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ में हम कैंसर सर्वाईवर्स और मरीजों को इलाज से पहले व बाद में अपनी फर्टिलिटी को प्रिजर्व करने में मदद कर रहे हैं। डॉ. (प्रो.) विनिता दास, एडवाईजर एवं कंसल्टैंट, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, लखनऊ ने कहा, ''आज कई लोग काफी देर से शादी कर रहे हैं या परिवार बहुत देर से शुरू कर रहे हैं। उम्र के साथ फर्टिलिटी कम होती चली जाती है। समय के साथ अंडों और स्पर्म, दोनों की गुणवत्ता व संख्या कम होती चली जाती है। इसलिए युवावस्था में ही अपने उच्च गुणवत्ता के अंडों या स्पर्म को फ्रीज करा लेने से लोगों को बाद में गर्भधारण करने की बेहतर संभावनाएं मिल सकती हैं। फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन से लोगों को यह निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलती है कि उन्हें परिवार कब शुरू करना है। इसके अलावा, आज कैंसर के निदान और इलाज में काफी प्रगति हो चुकी है, जिससे मरीजों के बचने की दर बढ़ गई है। इसलिए कैंसर से पीड़ित युवाओं को स्वस्थ होने के बाद अपना जीवन फिर से शुरू करने की योजना पहले ही बना लेनी चाहिए। इस योजना में फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन जैसी विधियाँ काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं, और दंपत्तियों को संतानप्राप्ति का अपना सपना पूरा करने में मदद कर सकती हैं। कैंसर का निदान और इलाज कराते हुए लोग अपनी फर्टिलिटी के बारे अक्सर भूल जाते हैं। लेकिन फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन में हुई आधुनिक प्रगति मरीजों को परिवार शुरू करने का अपना सपना पूरा करने में मदद कर सकती है। फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन एवं इलाज के विकल्पों में हुई उन्नति, जैसे ओवेरियन कॉर्टेक्स टिश्यू फ्रीजिंग कैंसर एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए बेहतरीन संभावनाएं लेकर आई है।

# जिलाधिकारी द्वारा गत रात्रि नगर में चल रहे विभिन्न कार्यों का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीश कुमार वर्मा द्वारा गत रात्रि नगर में चल रहे नमामि गंगे योजना एवं जल निगम की अमृत योजना तथा जेसीज चौराहे से ओलन्दगंज पर सड़क चौड़ीकरण के कार्य व एन0एच0 135 ए पालिटेक्निक चौराहा से मड़ियाहूँ रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि सदभावना तिराहे से शेखपुरा अण्डरपास तक 450 मीटर तक कार्य होना है शेष है। जिलाधिकारी द्वारा नमामि गंगे के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 15 दिवस में कार्य को अवश्य पूर्ण किया जाय। अवगत कराया गया कि 80 प्रतिशत तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी द्वारा नमामि गंगे के अधिकारीको निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में कार्य को अवश्य पूर्ण किया जाय। जल निगम के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सिविल वर्क कम्पलीट इरेक्शन का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शीघ्रताशीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाय। कचगाँव रोड से रेलवे क्रासिंग तक पाइप लाइन के निरीक्षण के दौरान कजंगाव रोड रेलवे क्रासिंग तक 437 मीटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 500 एम0एम0 डाया का पाइप बिछाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया 25 जनवरी 2023 तक कार्य को अवश्य पूर्ण करा दिया जाय। जालान्स रोड हुनमान मन्दिर से पानी टंकी तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य पर 500 मीटर लम्बी पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 250 एम0एम0 डाया का पाइप बिछाया जा रहा है, 50 मीटर पाइप बिछाना अवशेष है। जिलाधिकारी द्वारा जल निगम के अधिकारियों को 31 जनवरी, 2023 कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। अम्बेडकर तिराहा से एक्सीस बैंक तक पाइप बिछाने का काय 350 मीटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है. जिसमें 350एम0एम0 डाया का पाइप 4.50 मीटर की गहराई में बिछाया जा रहा है, कार्य प्रगति परहै, जिसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा जल निगम को दिया गया।

लाईन बाजार थाने से केनरा बैंक तक कुल 840 मीटर सीवर पाइप लाइन लगाने का कार्यै किया जा रहा है । 200 एम0एम0डाया मीटर



का पाइप 170 मीटर तक पूर्ण हो चुका है। उक्त पाइप लाइन में 36 चेम्बर एवं मैन होल बनने हैं, जिसे शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा जल निगम को दिया गया। जेसीज चौराहा से ओलन्दगंज 500 मीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य मौके पर कार्य प्रारम्भिक स्तर पर पाया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा चौराहे के पास दोनों साइड में टीन शेड हटाने के निर्देश दिये गये तथा अधिशासी अभियन्ता, पी0डब्लू0डी0 को 15 दिन के अन्दर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। एन0एच0 135 ए पालिटेक्निक चौराहे से मडियाहूँ होते हुए भदोही जाने वाली सड़क का कार्य देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य राजस्व अधिकारी, जौनपुर को निर्देशित किया गया कि एन0एच0 135ए के अधिकारियों को बुलाकर ससमय का कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें तथा और अधिक प्रगति लाने हेतु से मानिटरिंग अपने स्तर से करें।इसके अतिरिक्त जोगियापुर के आगे सडक धसने की शिकायत की गयी तथा तत्काल उसे ठीक कराने हेतु तथा सम्बन्धित का स्पष्टीकरण लेने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। पी0ओ0 डूडा एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सांसद निधि, विधायक निधि अन्तर्गत शहर के अन्दर कराये जा रहे कार्यों की सूची प्राप्त कर मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह को उक्त कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मोहल्लों वार्ड में कॉमन स्पेस बनाने हेतु स्थान चिन्हित करना सुनिश्चित करें। मानिक चौक में नमामि गंगे द्वारा अमृत योजनान्तर्गत काली पाइप लाइन बिछायी गयी है, परन्तु अभी तक कमिशनिंग नहीं हुई है। इस हेतु नमामि गंगे के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिस हेतु पाइप लगायी गयी है, उसके संचालन हेतु कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शहर में सरकारी खाली स्थान का चिन्हीकरण करते हुए उसको सूचिबद्ध करना सुनिश्चित करें।

# मा. काशाराम सामूदायिक भवन में किया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2023 का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जनपद में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2023 का आयोजन मा. काशाराम सामूदायिक भवन में किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग, पंचायत विभाग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, सेवायोजन कार्यालय, एनआरएलएम, दुग्ध विभाग, सहित अन्य विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाकर लगाकर अपने – अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव मनाया जा रहा है, उ.प्र. का देश की आजादी एवं गौरवशाली ऐतिहासिक एंव धार्मिक पृष्टभूमि,सांस्कृतिक धरोहर आदि में विशेष स्थान है। जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं के सम्बधित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं विभाग की योजनाओ की जानकारी एवं लाभ दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि लोगो को अपने विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को लाभान्वित किया जाये। उन्हाने कहा कि छात्राओं को प्रोत्साहन धनराशि इसलिए दी जा रही है कि इन छात्राओं को देखकर जनपद की अन्य बच्चियां भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगी। राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर बेटी–बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत लिंग असमानता को समाप्त करने एवं बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के उद्देश्य से जनपद जौनपुर में 2022 में यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की चार–चार छात्राओं व सी.बी.एस.ई बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 03–03 छात्राओं एवं आई.सी.आई.सी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट



के 03–03 छात्राओं को जनपद में सर्वोच्च रैंकिंग लाने पर 5000 की प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान पत्र देकर मुख्य विकास अधिकारी साई सीलम तेजा ने सम्मानित किया। आर.टी.जी.एस के माध्यम से उनके खाते में पांच 5000 की धनराशि जिला प्रशासन द्वारा प्रेषित की गई साथी महिला कल्याण विभाग द्वारा अपने काउंटर से कार्यक्रम में आए हुए समस्त प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत तैयार कराया गया कैलेंडर वितरित किया गया । जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत दर्जी ट्रेंड में 10 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराया गया। कौशल विकास योजना में प्रशिचित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही उद्योग विकास संस्थान की छात्राओं को सरकार द्वारा चला चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों में प्रतिभाग हेतु 30 छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वाराणसी में जनवरी महीने का निशुल्क अनाज वितरण शुरू

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में जनवरी माह का निशुल्क अनाज वितरण मंगलवार से शुरू हो गया है। जिलापूर्ति अधिकारी उमेश मिश्रा के अनुसार अंत्योदय पात्रों के प्रति कार्डधारकों को 35 किलो अनाज दिया जाएगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलो अनाज मिलेगा। इनमें गेहूं और चावल दोनों शामिल है। वितरण 31 जनवरी तक होगा। राशन का वितरण शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। राशन का वितरण 24 से 31 जनवरी तक निःशुल्क किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने राशन का वितरण अन्त्योदय कार्डधारक को किया जाएगा। जिसमें 14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल



की दर से तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 5 किलो राशन (2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल) की दर से पूर्णतया निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की सुविधा दी जाएगी।

# प्रोफेसर कीर्ति सिंह के निधन पर कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने व्यक्त किया दु:ख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एवं कई कृषि विश्वविद्यालयो के कुलपति रहे प्रोफेसर कीर्ति सिंह के निधन पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने गहरा दुख व्यक्त किया है। कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोफेसर कीर्ति सिंह कृषि के क्षेत्र में योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता वह जौनपुर जनपद के रत्न थे। सेवानिवृत्त होने के बाद इस उम्र में भी व कृषि अनुसंधान एवं नवाचार के लिए सक्रिय रहे जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय से प्रोफेसर कीर्ति सिंह जी का गहरा नाता रहा और वह सदैव विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों का आतिथ्य स्वीकार करते थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख को सहने की शक्ति उनके परिवारजनों को दे।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : गांधी स्मारक पी.जी.कॉलेज समोधपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सोमवार को प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू तथा प्राचार्य प्रो0 रमेश चंद्र सिंह के संरक्षकत्व में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा मानव श्रृंखला बनाई गई। सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ लालमणि प्रजापति ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े संघर्ष के बारे में बताया । डॉ आलोक प्रताप सिंह विसेन ने सड़क सुरक्षा संबंधी यातायात नियमों के बारें में बताया । डॉ नीलमणि सिंह ने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना सबके जरुरी है । जितेंद्र कुमार ने कहा कि तीव्र गति से वाहन न चलाए बच्चों को जागरूक किया गया । जितेंद्र सिंह ने बताया कि एनसीआरबी के हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2021 में कुल 4,03,116 सड़क हादसे हुए जो2020 में कुल 3,54,796 से अधिक है वही मृतकों की संख्या 1,33,201 से बढ़कर 1,55,622 हो गई । वाहन चलाते समय सतर्क रहना चाहिए । डॉ अवधेश कुमार मिश्र ने छात्र–छत्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई । इस अवसर पर प्रो0 अरविंद कुमार सिंह, प्रो0 राकेश कुमार यादव, डॉ लक्ष्मण सिंह,डॉ अविनाश वर्मा, विकास कुमार यादव, नीलम सिंह,सत्यप्रकाश सिंह, डॉ नीलू सिंह, डॉ राजेश कुमार तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# धुमधाम से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस –नगर मजिस्ट्रेट

जौनपुर सू.वि. : नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (उत्सव ) ने अवगत कराया है कि 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस को धुमधाम से मना जायेगा। 25–26 जनवरी, 2023 को सभी पार्क तथा महापुरूषो से सम्बन्धित समस्त शहीद स्मारक व शहीद स्तम्भों की रंगाई पोताई / सफाई जिसमे मूर्ति की भी सफाई की जायेगी, तदोपरान्त माल्यार्पण कार्यक्रम कराया जायेगा। 25, 26 व 27 जनवरी 2023 को समस्त सरकारी कार्यालयों/ भवनों, शाही पुल व अन्य महत्वपूर्ण स्मारकों को प्रकाशमान कराने का कार्य किया जाय, जिसका संचालन समस्त कार्यालयाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नगर पंचायत, जौनपुर करेगें। सभी सरकारी/ अर्द्धसरकारी /गैर सरकारी कार्यालयों में 26 जनवरी, 2023 ( गणतंत्र दिवस) को ध्वजारोहण के समय उनके जनपदस्तरीय कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायी जायेगी व किसी को कोई अवकाश देय नही होगा।

जनपद की समस्त तहसीलों एवं विकास खण्डों पर भी उपरोक्तानुसार गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन समस्त सम्बन्धित उपजिलाधिकारी /तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा। प्रातः 8.30 बजे जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी आदि समस्त सरकारी / अर्धसरकारी / गैर सरकारी कार्यालयों/ भवनों पर ध्वजारोहण राष्ट्रगीत गायन व संविधान में उल्लिखित प्रतिज्ञा व संकल्प का स्मरण आदि कार्यक्रम होगे। तदोपरान्त महात्मा गाँधी, भीम राव अम्बेडकर एवं अन्य समस्त महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया जायेगा, जिसका संचालन सम्बन्धित समस्त कार्यालयाध्यक्ष / नगर मजिस्ट्रेट/अधिशासी अधिकारी न०पा०परिषद / नगर पंचायत, जौनपुर द्वारा कराया जायेगा। प्रातः 7:00 बजे प्रभात फेरी करायी जायेगी जिसका संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक /बेसिक शिक्षा अधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत जौनपुर द्वारा कराया जायेगा। प्रातः 09:30 बजे से पुलिस लाइन, जौनपुर में परेड का कार्यक्रम होगा जिसका आयोजन पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा कराया जायेगा । प्रातः 10:00 बजे समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रगीत गायन व संविधान में उल्लिखित प्रतिज्ञा तथा संकल्प का स्मरण एवं तदोपरान्त खेल–कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक ध् बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर की देखरेख एवं निर्देशन में सम्पन्न कराये जायेंगे। अपरान्ह 01:00 बजे से 02:30 बजे तक मालिन बस्ती खुरचनपूर जैनपुर में स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. जिसका संचालन मुख्यचिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं परियोजना अधिकारी (डूडा), जौनपुर करेंगें तथा पूर्व से ही सभी मलिन बस्तियों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पूर्णरूप से साफ–सफाई व चूने आदि का छिड़काव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत, जौनपुर द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। मुख्य राजस्व अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धा आश्रम में फल वितरण आदि का कार्य किया जाय। कारागार में खेलकूल, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाय। मुख्य राजस्व अधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों के अपेक्षा की है कि सामाजिक कार्य एवं समाज की सेवा योग्य कार्य को प्राथमिकता दी जाय। समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद/नगर पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक स्थानों की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय।

# बुद्धा पार्क के पास गोमती में उतराता मिला लापता युवक का शव

लखनऊ ब्यूरो : चौक स्थित बुद्धा पार्क के पास गोमती में एक युवक का शव उतराता मिला। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाला। शिनाख्त वजीरगंज के अमन कश्यप (20) के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने वजीरगंज थाने में 18 जनवरी को गुमशुदगी कराई थी। पुलिस के मुताबिक, अमन पर 19 जनवरी को चौक निवासी एक नाबालिग के परिजनों ने छेड़खानी का केस दर्ज कराया था। आरोप था कि कई दिनों से बेटी का पीछा कर रहा था। इससे पहले 17 जनवरी को अमन उनके घर पहुंचा और शादी का दबाव बनाते हुए छेड़खानी की थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा के मुताबिक, अमन एक वकील के यहां मुंशी का काम करता था। बड़े भाई वीरेंद्र ने बताया कि अमन 17 जनवरी को घर से बिना बताए निकल गया था। काफी तलाश करने पर आखिरी लोकेशन गोलागंज इलाके में मिली थी। थक हारकर 18 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह डूबना आई है। वहीं, परिजनों ने एक परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

# फरवरी से जुलाई तक रात में बंद किया जाएगा अमौसी एयरपोर्ट : उड़ान–लैंडिंग की नहीं होगी अनुमति

लखनऊ ब्यूरो : अमौसी एयरपोर्ट पर बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने का काम फरवरी से शुरू होगा। तीन नए टैक्सी वे से लेकर रनवे विस्तार से पहले की तैयारियों को पूरा करने का काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए फरवरी से जुलाई तक रात में रनवे बंद रहेगा। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि रनवे का विस्तार करने से पहले तमाम तरह की तैयारियां होती हैं, जिन्हें पूरा करना होगा। इसके लिए फरवरी से रनवे पर काम शुरू किया जाएगा। प्रवक्ता ने आगे बताया कि एयरपोर्ट पर तीन अतिरिक्त लिंक टैक्सी–वे का निर्माण कराया जाएगा। रनवे के सिरों को अपग्रेड किया जाएगा और एयरसाइड परिचालन दक्षता में सुधार लाने के कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए 23 फरवरी से 11 जुलाई तक एयरपोर्ट रात 9.30 बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान विमानों की आवाजाही नहीं



होगी। अमौसी एयरपोर्ट पर रनवे विस्तार की योजना पिछले एक दशक से अटकी हुई है। अभी रनवे की लंबाई 2700 मीटर है, जिसकी लंबाई पांच सौ मीटर बढ़ाई जाएगी। इससे यूरोप व अमेरिका की उड़ानों के लिए रास्ते खुल सकेंगे।

# कायस्थ महापुरुषों के नाम से होंगे बस स्टैंड : स्थापित होंगी प्रतिमाएं : कायस्थ सम्मेलन में हुई घोषणा


लखनऊ ब्यूरो : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के दो दिवसीय स्वाभिमान सम्मेलन का मीराबाई मार्ग स्थित एक होटल में सोमवार को समापन हुआ। दूसरे दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी मनाई गई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का नागरिक अभिनंदन किया गया। वहीं, इंग्लैड में कई वर्षों से सेवारत गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत श्रीवास्तव को कायस्थ रत्न सम्मान से नवाजा गया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कायस्थ समाज हमेशा हिन्दुत्व का प्रवर्तक रहा है। समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। प्रथम सत्र में 'कायस्थ एवं हिंदुत्व एक दूसरे के पूरक हैं' विषयक गोष्ठी में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि विश्व कायस्थ महासम्मेलन के लिए वह हर तरह की मदद उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने महापुरुषों के नाम से बस स्टैंड बनाने की घोषणा की। कहा कि उनकी प्रतिमाएं लगाई जाएंगी। इस दौरान मुख्य प्रवक्ता विंधयवासिनी कुमार, सुनीता श्रीवास्तव, सतेंद्र सिन्हा, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। महासभा के राष्ट्रीय संयोजक मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि पराक्रम दिवस पर अखंड भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को हम लोग याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेसी सरकारों ने नेताजी के योगदान को भुला दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतिहास के पन्नों को खोजकर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से जुड़ी चीजों को बाहर लाने का काम किया है। नेताजी की प्रतिमा इंडिया गेट पर लगाई है। कहा कि हमारा संगठन नेताजी और स्वामी विवेकानंद की 71 फीट प्रतिमा को कुशीनगर में लगाएगा। कुशीनगर में विश्व कायस्थ महोत्सव पांच को मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 5 मई से कुशीनगर में विश्व कायस्थ महोत्सव होगा। इसमें देश विदेश से नेताजी सुभाष चंद बोस के अनुयायी, स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से जुड़े लोग समेत करीब सवा लाख प्रतिनिधि शामिल होंगे। नेपाल से भी बीस हजार से अधिक कायस्थ बन्धु शामिल होंगे। सोमवार को दूसरे सत्र में आधुनिक भारत में कायस्थ समाज की भूमिका पर संगोष्ठी हुई। प्रदेश अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, साकेत सिंह सोनू, डॉ. जितेंद्र प्रताप राव, प्रशांत सक्सेना, सुधीर श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव अरुण श्रीवास्तव, जयति कुमार, रीना बिक्रम सिंह, संजय श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक समेत तीन पर धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा : फर्जी पावर ऑफ अटार्नी से बैनामा करने का मामला

भदोही ब्यूरो : सुरियावां के पट्टी जोरावर सिंह में फर्जी पावर ऑफ अटार्नी से जमीन बैनामा कराने की साजिश में पूर्व विधायक घनश्याम दुबे, तत्कालीन सब रजिस्ट्रार सहित तीन के खिलाफ मंगलवार को जालसाजी, धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना उप निरीक्षक को सौंपी गई। सुरियावां के निदिउरा गांव निवासी भोलानाथ शुक्ला ने तहरीर में बताया कि पट्टी जोरावर सिंह गांव में गाटा संख्या 552 का वह बैनामा कराए है। जिस पर काबिज दाखिल है। उक्त आराजी नंबर पर फर्जी पावर आफ अटार्नी को आधार बनाकर जमीन की पूर्व मालकिन राजकुमारी देवी पत्नी उमाकांत पाठक निवासी उधोपुर के फर्जी मुख्तारनामा के माध्यम से पूर्व विधायक घनश्याम दुबे निवासी कुसौड़ा, उनके ड्राइवर हरि प्रसाद निवासी चांदपुर बलवरगंज मछलीशहर जौनपुर मिलीभगत कर तत्कालीन सब रजिस्ट्रार द्वारा साजिश कर विक्रय किया गया। उक्त बैनामे में पावर ऑफ एटार्नी और उसकी वैधता का उल्लेख नहीं किया गया। फर्जी पावर ऑफ एटार्नी की वैधता को लेकर स्वयं उमाकांत ने अपनी पत्नी राजकुमारी के मुख्तार की हैसियत से सिविल वाद न्यायालय में दाखिल किया। आज तक उस वाद में विपक्षीगण की ओर से पावर आफ अटार्नी को प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त वाद पिछले 30 साल से चल रहा था। जिसके कारण मुकदमा 16 दिसंबर 2022 को खारिज हो गया। अपर जिलाधिकारी/ जिला निबंधन अधिकारी ने सभी पक्षकारों के तर्कों और साक्ष्यों का परिशीलन किया गया। जिसके बाद उसे फर्जी दस्तावेज माना गया। जिसमें यह कहा गया कि फर्जी पावर आफ अटार्नी के आधार पर आराजी नंबर 552 पर बैनामा करने की साजिश रची गई जो आपराधिक कृत्य है। अपर जिलाधिकारी के जांच के आधार पर सुरियावां पुलिस ने पूर्व विधायक, तत्कालीन सब रजिस्ट्रार और ड्राइवर के खिलाफ सुरियावां थाने में जालसाजी, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# वीसी आरबी लाल पर एफआईआर व गिरफ्तारी की तैयारी : कैंपस में यीशु दरबार लगाने सहित कई गंभीर आरोप

लखनऊ ब्यूरो : कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक की तरह प्रयागराज स्थित शुआट्स विश्वविद्यालय के कुलपति आरबी लाल भी एसटीएफ की जांच में फंस चुके हैं। शासन के निर्देश पर उनके खिलाफ करीब आधा दर्जन बिंदुओं पर गोपनीय जांच पूरी कर एसटीएफ ने प्रयागराज पुलिस से एफआईआर दर्ज करने को कहा है। विवादों से घिरे रहने वाले आरबी लाल और उनके करीबियों की गिरफ्तारी की भी तैयारी है। एसटीएफ की जांच में आरबी लाल पर वित्तीय अनियमितता, विवि कैंपस में यीशु दरबार, धर्मांतरण समेत अन्य संदिग्ध गतिविधियों के आरोप सही पाए गए हैं। शुआट्स में हुई तमाम गड़बड़ियों की जांच सीबीआई के अलावा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी कर रहा है। बीते मई में ईडी ने वीसी, उनकी पत्नी, भाई और कुछ करीबियों से पूछताछ भी की थी। तीन वर्ष पूर्व एक्सिस बैंक घोटाले में आरबी लाल को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। गौरतलब है कि प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद की नजरें भी शुआट्स की संपत्तियों पर थीं। सीबीआई में दो साल से मामला लटका फर्जी याचिकाएं दाखिल होने को लेकर हुई एक पीआईएल पर अदालत ने पांच सदस्यीय समिति गठित कर आरबी लाल के खिलाफ जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। इसके बाद प्रयागराज के कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। हालांकि, कानूनी तिकड़म से उन्होंने मामले को 12 जनवरी, 2021 को सीबीआई को ट्रांसफर करा दिया। इसके बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इन बिंदुओं पर हुई जांच विश्वविद्यालय



को अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त नहीं होने के बावजूद कैंपस में यीशु दरबार ट्रस्ट के माध्यम से धार्मिक गतिविधियों का संचालन और धर्मांतरण कराना। ट्रस्ट को 26 बीघा भूमि अवैध रूप से हस्तांतरित करना। मृत और फर्जी नाम–पते वाले लोगों के जरिए शुआट्स में उच्चाधिकारियों की अवैध नियुक्ति, अनाधिकृत कोर्स चलाए जाने और यीशु दरबार ट्रस्ट के संचालन को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में 26 याचिकाएं दायर करना और बाद में उनको वापस ले लेना। इलाहाबाद एग्रीकल्चर संस्थान में अध्यापकों की अवैध नियुक्ति, प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था में अनियमितता करना। शुआट्स के अधिकारियों के विरुद्ध विभिन्न मुकदमे दर्ज होने की जानकारी छिपाकर शस्त्र लाइसेंस हासिल करना। एक्सिस बैंक से 25 करोड़ रुपये का गबन और घोटालों से अर्जित आय से संपत्ति खरीदना।

